**खबर संक्षेप**

### सड़क किनारे अचेत युवक पर चढ़ी बाइक



**शहडोल।** जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रीवा-अमरकंटक स्टेट हाईवे पर रीजनल के समीप संतोष लोधी नामक युवक की सडक़ किनारे अचेत अवस्था में पड़ी हालत में न केवल बाइक से कुचलकर जान ली गई, बल्कि पुलिस की बेरुखी और अमानवीय व्यवहार ने उसकी अंतिम उम्मीद भी छीन ली। बुढार थाना क्षेत्र के रीजनल कालोनी के पास रहने वाले संतोष लोधी देर रात अज्ञात कारणों से सडक़ किनारे अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। इस दौरान अज्ञात बाइक सवारों ने उस पर बाइक चढ़ा दी और फरार हो गए। घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि मौके पर गश्त कर रही धनपुरी पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाने की बजाय वहीं लावारिस हालत में छोड़ दिया। इलाज के अभाव में संतोष पूरी रात तड़पता रहा और सुबह दम तोड़ दिया।

### कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को संतुष्टि के साथ निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित सीईओ जनपद पंचायतों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को संबल योजना में पंजीयन संबंधी शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। आपने आगामी समाधान ऑनलाइन हेतु राज्य स्तर से चयनित विभागों तथा उन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए दो दिवस के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, श्रीमती ज्योति परस्ते सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### बैगा छात्रा को काउंटर साइन के लिए भोपाल जाने के लिए फरमान

## एसी की पहल पर एक साल बाद फिर स्कूल जा पायेगी शुभी

### शासन की बेटी पढ़ाओं योजना को पलीता लगा रही खुद महिला प्राचार्य

**हरिभूमि, शहडोल।** शासन की तमाम योजनाओं को जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मचारी ही जमींदोज कर रहे हैं, आदिवासी अंचल की बैगा छात्रा को महिला अधीक्षक ने अनुउत्तीर्ण होने पर टीसी में काउंटर साइन के लिए भोपाल जाने का फरमान दिया, एक साल से बच्ची घर पर बैठी है, मजदूर पिता जो कभी शहडोल नहीं आया, वह लाडली को भोपाल कहां ले जाये। इस मामले में सहायक आयुक्त ने शुभी की मदद को हाथ बढ़ाया है। नारी पढ़ेगी तो, विकास गढ़ेगी के अलावा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारों को जमीनी स्तर पर सफल करने के लिए शासन शिक्षा विभाग और अन्य विभागों के माध्यम से जागरूकता और शिक्षा पर करोड़ों खर्च कर रही है, खासकर शहडोल जैसे आदिवासी संभाग में इस योजना और जागरूकता की आज भी उतनी ही जरूरत महसूस की जा रही है, जितनी दशकों पहले थी। बुढ़ार विकास खण्ड अंतर्गत कटकोना स्थित कन्या छात्रावास की छात्रा शुभी बैगा उन तमाम छात्राओं में से एक है,




जिसकी पढ़ाई छुड़ाने के पीछे किसी और का नहीं बल्कि शिक्षा विभाग की महिला कर्मचारी और छात्रावास की अधीक्षिका ही हाथ हैं। वर्षा दुबे नामक प्राचार्या ने बच्ची के पिता को अन्यत्र विद्यालय में दाखिले के लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र में काउंटर साइन हेतु भोपाल स्थित केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड जाने की सलाह के साथ पत्र थमा दिया।

### एक साल से घर पर बैठी बालिका

कन्या शिक्षा परिसर बुढ़ार की छात्रा कुमारी शुभी बैगा पिता राधेलाल बैगा का कक्षा दसवीं में वर्ष 2023-24 के दौरान परीक्षा परिणाम पूरक रहा था, शुभी के पिता पास के ईंटा भट्ठो में ईंट पाथने का काम करते हैं, किसी तरह बच्ची को 10 वीं तक की शिक्षा अर्जित कराने के लिए सरकारी विद्यालय में दाखिला दिलाया था, बच्ची के अनुत्रीण होने पर विद्यालय में दोबारा दाखिला नहीं मिल पाया, एक साल से बच्ची दोबारा कक्षा 10 वीं और आगे की शिक्षा के लिए घर पर ही बैठी है।

### शिक्षा बोर्ड भोपाल जाओ

शुभी बैगा के परिजन उसे पढ़ाना तो चाहते थे और बच्ची पढन्ना भी चाहती है, लेकिन सीबीएसई पैटर्न के कन्या शिक्षा परिसर में व अनुत्रीण हो गई, आगे की पढ़ाई भी रूक गई, क्षेत्रीयजनों ने इस मामले में बच्ची की रूचि को देखते हुए उसे माध्यमिक शिक्षा मण्डल,



एमपी बोर्ड पैटर्न के विद्यालय में दाखिले की सलाह दी, जिससे किसी तरह बच्ची 10 और आगे की पढ़ाई कर सके, इस संदर्भ में विद्यालय की प्राचार्या वर्षा दुबे ने अन्यत्र दाखिले के लिए टीसी में आवश्यक काउंटर साइन हेतु भोपाल जाने की सलाह दी, यही नहीं क्षेत्रीय अधिकारी केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड भोपाल के नाम का एक पत्र काउंटर साइंन कराने के लिए बच्ची के परिजनों को थमा दिया। जो परिजन कभी शहडोल और उसके आगे नहीं गये, उस बैगा परिवार के लिए भोपाल, दिल्ली दूर है, जैसी कहावत को चरितार्थ करता है।

### सहायक आयुक्त ने लिया संज्ञान

सोमवार को इस मामले के संज्ञान में आने के बाद आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा ने विभाग के माध्यम से बच्ची के स्थानांतरण प्रमाण पत्र काउंटर साइन कराने का वायदा किया, वहीं आदिवासी बालिका को एमपी बोर्ड के विद्यालय में जल्द ही दाखिला करवाने की भी बातें कही, इधर इस मामले में कन्या परिसर की प्राचार्या वर्षा दुबे लगातार मामले से बचती रही। बच्चियों को आगे पढ़ाने और उनका भविष्य सवारने में महिला प्राचार्या ही जब रोड़ा बन जाये, तो आदिवासी अंचल की बच्चियों को मुख्य धारा से जोडऩे का सपना अधूरा ही रह जायेगा।

## विकास पुरूष की पुण्य तिथि पर आदिवासी अंचल में लगा समर्थकों का रेला





**शहडोल।** भारत सरकार में वित्त राज्य मंत्री रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. दलबीर सिंह की पुण्य तिथि पर उनके समर्थकों और परिवार से जुड़े सैकड़ों लोगों का हुजूम इस बार भी देखने को मिला। गौरतलब है कि स्व. दलबीर सिंह आदिवासी संभाग के इकलौते ऐसे नेता रहे हैं, जिन्होंने तीन दशक पूर्व अपने कार्यकाल के दौरान शहडोल संभाग का नाम पूरे देश के पटल पर आगे रखा। स्व. दलबीर सिंह की ही देन थी कि उमरिया, अनूपपुर , शहडोल के लिए वाटर शेड मिशन, हैण्ड पम्प, स्टॉप डैम, जलाशय, धनपुरी शहडोल, अमरकंटक में पोस्ट ऑफिस भवन, शहडोल अमरकंटक में नवोदय और केन्द्रीय विद्यालय खुलवाने, बैगा और गोंड प्रोजेक्ट केन्द्र सरकार से लाकर इन जातियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान, शहडोल में दूरदर्शन, आकाश वाणी, नावार्ड , स्टेट बैंक सेंट्रल बैंक, जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय खुलवाने, अनूपपुर में करीब एक करोड़ की लागत से स्टेट बैंक भवन आदि की सौगात आदिवासी अंचल को दी, स्व. दलबीर सिंह की पुण्य तिथि पर सोमवार को उनके राजेन्द्रग्राम स्थित आवास पर सैकड़ों की संख्या में समर्थकों ने पहुंचकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। शहडोल संसदीय क्षेत्र की वर्तमान सांसद और उनकी पुत्री श्रीमती हिमाद्री सिंह के द्वारा पिता की पुण्य तिथि पर यहां वृह्द कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान स्व. दलबीर सिंह तथा पूर्व सांसद और उनकी माता स्व. राजेशनंदनी सिंह के छायाचित्र पर सैंकड़ों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। गौरतलब है कि स्व. दलबीर सिंह की पुण्य तिथि पर हर वर्ष उनके आवास पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है, सोमवार को भाजपा के क्षेत्रीय विधायकों के साथ ही पूर्व विधायक और बड़ी संख्या में भाजपा तथा कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के साथ ही ग्रामीणजन भी अपने नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे।

## भालू ने युवक पर किया हमला, अस्पताल में चल रहा इलाज

**शहडोल। एक युवक अपने साथियों के साथ लकड़ी लेने जंगल गया हुआ था। वह लकड़ी बीनने में जुटा था कि तभी पेड़ की ओट में छिपे एक भालू ने उस पर अचानक झपट्टा मारा और उसे बुरी तरह से लहू लुहान कर दिया।**

अपने दोस्त के ऊपर भालू का हमला होते देख उसके साथियों ने हल्ला मचाना शुरू किया तो भालू घायल युवक को छोडक़र जंगल के अंदर चला गया। यह घटना बांधवगढ टाइगर रिज़र्व अंतर्गत मानपुर बफर के चितावर क्षेत्र की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बांधवगढ टाइगर रिज़र्व



अंतर्गत मानपुर बफर में खोरी जंगल से सटे नेउसी बीट के पीएफ 372 चितावर क्षेत्र में रविवार दोपहर कुछ युवक लकड़ी बीनने गए हुए थे। इसमें भईया लाल उम्र 38 वर्ष भी था। भईया लाल लकड़ी बीन रहा था कि तभी पेड़ की आड़ में छिपे एक भालू ने उस पर जोरदार हमला कर दिया। भालू ने उसके शरीर में कई जगह इतने गंभीर चोट किए कि उसका पूरा शरीर लहूलुहान हो गया। भालू के हमले को देख उसके साथियों ने हल्ला मचाया तब भालू भईया लाल को घायल अवस्था में छोडक़र जंगल की ओर चला गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मानपुर बफर टीम को दी, जिसके बाद घायल भईया लाल को इलाज के लिए मानपुर अस्पताल ले जाया गया था, जहाँ प्राथमिक उपचार किया गया। लेकिन उसकी हालत को देखते हुए उसे शहडोल जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### जिले भर में आयोजित किए जा रहे कृषि शिविर

**शहडोल।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी तथा मत्स्यपालन विभाग के अमले द्वारा बुढ़ार, सोहागपुर तथा गोहपारू जनपद पंचायतों के तीन-तीन ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 03 जून 2025 को सोहागपुर जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. अल्पना शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम पथखई, खेरहा तथा भानपुर में गोहपारू जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम सरसी, खहरी, चन्देला में जनपद पंचायत बुढ़ार में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में भटिया, हर्राटोला तथा राघोपुर में कृषि शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## सूने घर का ताला तोड़ लाखों की हुई चोरी

शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के पसगढ़ी गांव में सूने घर का ताला तोड़ कर लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। घटना उस वक्त घटी जब घर में मौजूद महिला गांव में स्थित दूसरे घर में सोने चली गई थी। सुबह पड़ोसियों ने घर में चोरी की घटना की जानकारी परिवार को दी। इसके बाद परिजन घर पहुंचे तो देखा तो घर में चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि भगवानदीन के घर यह चोरी की वारदात हुई है। भगवानदीन का कहना है कि गांव में हमारे दो घर हैं। जिस घर में चोरी हुई उस घर में केवल मां रहती है। खाना खाने के लिए मां मेरे घर आ गई और रात में यहीं सो गई थी। दूसरे घर में उस दौरान ताला लगा हुआ था। इसका चोरों ने फायदा उठाया और घर में लगे ताले को तोडक़र चोर अंदर घुस गए और घर में रखे सोने-चांदी के जेवर एवं नगद लेकर कर चोर फरार हो गए हैं।भगवानदीन के अनुसार घर में



सोने-चांदी के जेवर एवं नगद 80 हजार रखे थे जिसे चोर चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित ने बताया कि सुबह पड़ोस के लोगों ने घर का ताला टूटा देखा तो हमें फोन कर इसकी जानकारी दी। हमारा दूसरा घर भी गांव में ही कुछ दूरी पर स्थित है। हम सभी लोग घर पहुंचे तो घर के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था, और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। इसे देखने से यह पता लग गया कि घर में चोरी की वारदात हो गई है। इसके बाद हमने पुलिस को मामले की खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस अब जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार यह चोरी लगभग चार लाख रुपए की है। शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र में भी लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, और चोरों को पकडने में पुलिस नाकाम है।

## किसानों को दी गई हरी खाद से होने वाले फायदे की जानकारी

**शहडोल।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी तथा मत्स्यपालन विभाग के अमले द्वारा बुढ़ार, सोहागपुर तथा गोहपारू जनपद पंचायतों के तीन-तीन ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। गोहपारू जनपद पंचायत के ग्राम बरकोड़ा में कृषि वैज्ञानिक डॉ बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में कृषि शिविर का आयोजन कर किसानों को कृषि संबंधी जानकारी दी गई तथा किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिवर में किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी गई। खेती की उन्नत तकनीक, फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण के संबंध में भी किसानों को जानकारी दी गई।

कृषि शिविर में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति ने किसानों को हरी खाद के फायदे के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हरी खाद मृदा स्वास्थ्य के लिए वरवान है। खेतों के स्वास्थ्य को लेकर चारों ओर गंभीर चिन्ता होने लगी है। मृदा स्वास्थ्य बिगडऩे का यही सिलसिला चलता रहा तो एक समय ऐसा आयेगा कि धीरे-धीरे हमारे खेतों से सौंधी महक आनी ही बन्द हो जायेगी और जिससे खेती करना एक गंभीर चुनौती हो जायेगी। लगातार फसलोत्पादन एवं वैज्ञानिक आधार पर फसलचक्र को नहीं अपनाने के कारण मृदा में नाइट्रोजन एवं कार्बनिक पदार्थों की निरंतर कमी होती जा रही है। इससे मृदा की उर्वराशक्ति की कमी होने के साथ-साथ उत्पादकता में भी कमी आई है। हमारे देश में गोबर जैसे कार्बनिक पदार्थ को उपले बनाकर अधिकांश मात्रा को ईंधन के रूप में जला दिया जाता है तथा शेष मात्रा का खाद के रूप में उपयोग किया जाता है, जो कि पर्याप्त नहीं है। कृषि में प्राचीनकाल से ही मृदा में नाइट्रोजन व



कार्बनिक पदार्थ के स्तर को बढ़ाने के लिए गोबर की खाद के साथ-साथ हरी खाद का प्रयोग किया जाता रहा है, ताकि मृदा की उर्वराशक्ति को आसानी से बढ़ाने के लिए हरी खाद एक सस्ता एवं आसान उपाय है। पिछले कुछ वर्षों से इसमें भारी कमी देखने को मिली है।

फसलों, सब्जियों एवं पेड़-पौधों की पत्तियों को अलग कर हरी अवस्था में ही हल या किसी अन्य यंत्र से खेत में मिलाने पर सडऩे-गलने के बाद तैयार खाद को ही हरी खाद कहा जाता है। हरी खाद की खेती एक शुष्क फसल के रूप में खेत की उपजाऊ शक्ति, भूमि के पोषक और जैविक पदार्थों की पूर्ति करने के उद्देश्य से की जाती है। रासायनिक उर्वरकों के पर्याय के रूप में हम जैविक खादों जैसे गोबर की खाद, कम्पोस्ट, हरी खाद आदि को उपयोग कर सकते हैं। इनमें हरी खाद सबसे सरल व अच्छा प्रयोग है। गोबर की उपलब्धता पर भी हमें निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। हमें हरी खाद के यथासंभव उपयोग पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। हरी खाद के लिए प्रयुक्त होने वाली फसलें हरी खाद उत्पादन के लिए उपयुक्त प्रमुख निम्नलिखित फसलों का चयन कियाजा सकता है। जैसे ढँचा सनई, मूंग, उड़द, लोबिया, ग्वार, बरसीम इत्यादि । हरी खाद देने की विधियां हमारे देश में मृदा व जलवायु के आधार पर अनेक विधियों से हरी खाद का उत्पादन किया जाता है। इसके लिए उन क्षेत्रों में अपनाया जाता है, जहां पानी की कोई समस्या नहीं है और सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं ऐसे क्षेत्रों में हरी खाद फसल की बुआई करने के बाद उसे उचित समय आने पर उसी खेत में दबा दिया जाता है। इन-सीटू विधि में फसल की अकेली या दूसरी फसल के साथ मिश्रित रूप में जुताई की जा सकती है। इस विधि में मूंग व उड़द की फलियों को पकने के बाद तुड़ाई करके भी फसल को खेत में दबाया जा सकता है। हरी पत्तियों से तैयार खाद इस विधि को उन क्षेत्रों में अपनाया जाता है, जहां पानी की समस्या अधिक हो और वर्षा समय पर नहीं होती हो।

कृषि शिविर में सहायक कृषि यंत्री श्री सुदामा बैगा ने किसानों को बताया कि हरी खाद दलहनी फसलों की जड़ों में उपस्थित सहजीवी जीवाणु ग्रंथियां वातावरण में उपस्थित मुक्त नाइट्रोजन को यौगिकीकरण द्वारा पौधों को उपलब्ध करवाती हैं। इससे मृदा में कार्बनिक पदार्थ की वृद्धि होती है, जिससे सूक्ष्मजीवों की सक्रियता में बढ़ोत्तरी होती है। हरी खाद से मृदा को कई सूक्ष्म व वृहद पोषक तत्व प्राप्त होते हैं. जैसे-नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश, सल्फर, कैल्शियम, मैग्नीशियम इत्यादि । मृदाजनित रोगों की रोकथाम । मृदा के भौतिक गुणों जैसे-संरचना, जलधारण क्षमता में वृद्धि । अम्लीय मृदा में फॉस्फोरस स्थिरीकरण में कमी । मृदा सतह में पोषक तत्वों का संरक्षण होता है तथा अगली फसलों को पोषक तत्वों की पुनः प्राप्ति होती है।

## किसान रासायनिक उर्वरकों का करें संतुलित मात्रा में उपयोग: झारिया

**शहडोल।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी तथा मत्स्यपालन विभाग के अमले द्वारा बुढ़ार, सोहागपुर तथा गोहपारू जनपद पंचायतों के तीन-तीन ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। सोहागपुर जनपद पंचायत के ग्राम सिंहपुर में कृषि वैज्ञानिक अल्पना शर्मा के मार्गदर्शन में कृषि शिविर का आयोजन कर किसानों कृषि संबंधी जानकारी दी गई तथा किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिवर में किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी गई। खेती की उन्नत तकनीक, फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण के संबंध में भी किसानों को जानकारी दी गई। कृषि शिविर में उप संचालक कृषि आर.पी.झारिया ने किसानों को फसलवार उपयोग में आने वाले उर्वरकों की संतुलित मात्रा के उपयोग की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि उर्वरकों के बढ़ते मूल्यों को देखते हुए फसलों की अधिक पैदावार लेने के लिए यह आवश्यक है कि रासायनिक उर्वरकों का सतुलित और सही मात्रा में प्रयोग हो। वर्तमान में यूरिया और डीएपी का प्रचलन बढ़ गया है, जो केवल नाइट्रोजन एवं फॉस्फोरस के अलावा अन्य पोषक तत्वों को प्रदान नहीं करते। इन उर्वरकों के लगातार



प्रयोग से मिट्टी में पोटाश एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों आदि की कमी संभावित है। पोटाश का फसल के स्वास्थ्य एवं गुणवत्ता से सीधा सबंध है तथा इसके उपयोग के फलस्वरूप पौधा सुदृढ़ होकर रोग-बीमारियों से कम प्रभावित होता है तथा दानों की चमक में भी वृद्धि होती है, जिसके कारण अच्छा बाजार भाव प्राप्त होता है। काम्पलेक्स उर्वरकों में नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश तत्व पाये जाते हैं। इसी प्रकार एसएसपी में फास्फोरस के साथ-साथ सल्फर एवं कैल्शियम तत्व भी पाया जाता है। काम्पलेक्स एवं एसएसपी उर्वरकों का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उर्वरकों की उपलब्धता एवं समन्वित उपयोग को दृष्टिगत रखते हुए उगाये जाने वाली प्रमुख खरीफ फसलों हेतु उपलब्धता के अनुसार लगने वाले उर्वरकों की मात्रा की गणना कर उर्वरक समूहों के रूप में विकल्प तैयार किये गये हैं ताकि इस जानकारी के प्रयोग से कृषकों को उर्वरक उपलब्धता के अनुसार विकल्प चयन करने में सहायता होगी तथा संतुलित उर्वरकों का उपयोग भी हो सकेगा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा



**उमरिया ।** मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का 4 जून को नगर पालिका पाली में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गये है, उसका समय सीमा में निर्वहन करना सुनिश्चित करें । उन्होंने कार्यक्रम स्थल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग , आयुष विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, जन जातीय कार्य विभाग, वन विभाग, आजीविका मिशन समूहों व्दारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी कृषि विभाग गो कास्ट उत्पाद , नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास विभाग तथा उद्योग विभाग को शासन व्दारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए । उन्होने कहा कि 4 जून को मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में समस्त जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहेगे तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ ग्राम पंचायतों का करेगा भ्रमण

**उमरिया।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जन जागरूकता रथ 3 जून पाली विकासखंड की ग्राम पंचायत खिचकिड़ी, अमड़ी, ओदरी, करकेली विकासखंड की ग्राम पंचायत अमड़ी, मजमानीकला,, पठारीकला तथा मानपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत पडखुरी, अमरपुर तथा बडछड का भ्रमण करेगा एवं किसानों को खरीफ पूर्व खेती की तैयारी की जानकारी देगा ।

### युवा टीम ने बच्चों को वितरित किए पुस्तकें पढ़ाई के लिए किया प्रोत्साहित

**उमरिया।** अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस के उपलक्ष्य पर युवा टीम के द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों पर बच्चों को पढ़ाई के लिए पुस्तकें पेंसिल रबर कटर पेन आदि वितरण किया गया एवं उपस्थित सभी ने अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस, संकल्प लिया कि बच्चों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील रहते हुए जरूरतमंद बच्चों की मदद करके उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। टीम संयोजक हिमांशू तिवार ने टीम के साथ रविवार को अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस मनाया। इस दौरान शास्त्रा गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लोगों को 14 साल से कम आयु वर्ग के बच्चों से किसी भी प्रकार काम कराने पर लगे प्रतिबंध व इसके उल्लंघन दपर मिलने वाले दंड को लेकर जानकारी दी गई। कहा कि बच्चों से कोई ऐसा काम नहीं लिया जा सकता, जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचे। बाल मजदूरी पूरी तरह से प्रतिबंधित है। बताया कि बच्चों से रसायन के कारखानों, ईट भ_ों, लोहे के कार्य, भवन निर्माण के कार्य व भारी मशीनरी के कार्यों सहित कहीं भी ढाबा या घरों में काम कराना प्रतिबंधित है। ऐसा करने से उनके अंदर हीन भावना पैदा होती है। बाल श्रम को एक सामाजिक समस्या है। इसके खात्मे के लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने अभिभावकों को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक शोषण से बच्चों को बचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडऩे के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर टीम संयोजक हिमांशू तिवारी,खुशी सेन,नेहा सिंह, संयोगिता पांडेय,पलक सिंह, बच्चें सुरभि कोल,मुस्कान बैगा,महिमा बैगा, रागिनी कोल,रामवती बैगा,रंजीत बैगा व सभी उपस्थित रहे।

## सरपंच ने की एसपी से शिकायत, प्रकरण दर्ज करने की मांग

# कमीशन की खातिर काम रुकवा दिया, उपाध्यक्ष ने दिखाए तेवर



**शहडोल।** शासन ने ग्रामीण अंचलों के समुचित विकास हेतु त्रस्तरीय पंचायती व्यवस्था को एक सूत्र में पिरोकर कार्य की शुरूआत की लेकिन यह व्यवस्था निजी स्वार्थ की भेंट चढक़र विकृत होती जा रही है। अब विकास की ओट में स्वार्थपरता और भ्रष्टाचार घुस चुका है। अब सरेआम पंचायतों के पदाधिकारी सरेआम कमीशन और पैसों की मांग करते हैं। वे शासकीय अनुशासन और मर्यादित आचरण की धज्जियां उड़ा देने से भी गुरेज नही करते हैं। हाल ही में पोंगरी पंचायत में जनपद सोहागपुर उपाध्यक्ष शक्ति सिंह द्वारा अपने साथियो सहित इसी तरह का आचरण किया गया जिसके कारण संबंधित लोग क्षुब्ध हो उठे। पोंगरी सरपंच ने विधिवत एसपी से शिकायत कर उपाध्यक्ष व उसके साथियों पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है। जनप्रतिनिधियों के इस तरह के आचरण की यह कोई पहली घटना नहीं है, लोग अपने पदों को व्यावसायिक बनाकर कमाई की फिराक में लगे रहते हैं। वे पैसे की खातिर कानून भंग करते हैं और दूसरों को प्रताड़ित भी करते हैं।

### उपाध्यक्ष की गुण्डागर्दी

जनपद सोहागपुर उपाध्यक्ष शक्ति सिंह द्वारा अपने साथियों सहित पोंगरी पंचायत के शासकीय कार्य में बाधा डालने व महिला सरपंच से अभद्रता कर दहशत फैलाने का प्रयास किया गया। जिसकी शिकायत पोंगरी पंचायत की महिला सरपंच सरूपिया बाई ने एसपी से की है। साथ ही सरपंच ने उपाध्यक्ष के इस कृत्य पर अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की है। सरूपिया बाई ने शिकायत में लेख किया है कि 30 मई की शाम करीब 6 बजे सोहागपुर जनपद उपाध्यक्ष शक्ति सिंह अपने दो साथियों सहित पोंगरी पिपाल टोला के पास पहुंच कर तालाब गहरीकरण व सफाई का कार्य बंद कराने लगा, साथ ही गाली गलौच करते हुए बोला पहले हमारा कमीशन निश्चित होगा फिर पंचायत में कोई कार्य किया जाएगा। इस बीच सरपंच ने हस्तक्षेप कर काम बंद कराने का विरोध किया। उस वक्त स्थल पर करीब 50-60 आदमी मौजूद थे, सभी ने कहा कि विकास कार्य बंद नहीं कराया जा सकता। शक्ति सिंह ने उससे अमर्यादित भाषा में बात करते हुए कहा कि कोई भी लेबर मजदूर पोंगरी पंचायत के विकास व निर्माण कार्य किया तो उसे मजदूरी नहीं मिलेगी। साथ ही उसे जान से खत्म कर दिया जाएगा। उपाध्यक्ष द्वारा सरेआम काम बंद करा कमीशन मांगना न केवल अशोभनीय कृत्य है बल्कि यह आपराधिक कृत्य है, लिहाजा शक्तिसिंह व उसके साथियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया जाए।

### शोषण का अड्डा बनी संस्थाएं

कहां तो सरकार चाहती थी कि ग्रामपंचायतों के ऊपर संचालित जनपद द्वारा पंचायतों की सहायता की जाएगी और मार्गदर्शन देकर पंचायत के विकास को पूर्ण कराया जाएगा। लेकिन सब कुछ उल्टा हो रहा है, जनपद सीईओ, अध्यक्ष उपाध्यक्ष सभी कमीशन खाने मुंह फाड़े बैठे रहते हैं। मतलब कि पंचायतों के सरपंच व सचिव गैरकानूनी कृत्य कर कमाई करें और फिर सबको कमीशन बांटे। काफी हद तक ऐसा होता भी है, पंचायतों में कहीं भी शुचिता पूर्ण निर्माण व विकास के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। वरिष्ठ लोगों द्वारा ही खुलकर पैसों की मांग की जा रही है और अपराध कारित कर देने की धमकी दी जा रही है। कहते हैं कि अगर कमीशन न पहुंचाए तो जान से मार देगें। पहले पूछिए और फिर कमीशन सेट कीजिए तब काम चालू कीजिए। सरपचं व सचिव अब सबको पैसा बांटते फिर रह रहे हैं।

### कार्रवाई भी तो नहीं होती

शासकीय कार्य में बाधा डालने और खुलकर कमीशन मांगने जैसे कृत्यों की लिखित में वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की जाती है, लेकिन अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करने की बजाय शिकायतों को रद्दी की टोकरी में फेंक देते हैं। इससे भ्रष्टाचार करने वालों के हौसले बुलंद रहते हैं। पदधारियों के नैतिक पतन के कारण ही घटिया निर्माण होने लगे और पंचायतों में तरह तरह के आर्थिक अपराध पनपने लगे। हैरानी की बात यह है कि अधिकारी हर बात जानता है लेकिन यहां पर वह अपने अधिकारों का उपयोग करना उचित नहीं समझता है। लचर प्रशासन के कारण भी ऐसी प्रवृत्तियां पनपतीं हैं। सब काम तो सिर्फ कमीशन के लिए ही होता है।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

**उमरिया।** मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव का 4 जून को नगर पालिका पाली में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों को उत्तरदायित्व सौंपा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के लिए कार्यक्रम स्थल के समीप सेफ हाउस की व्यवस्था के लिए प्रभारी पुलिस अधीक्षक , सीएमएचओ उमरिया, हेलीपैड तैयार करने, कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, पंडाल स्टेज, डी बनाना, मंच की साज सज्जा के लिए कार्यपालन यंत्री लोनिवि, दीप प्रज्जवलन की व्यवस्था के लिए नायब तहसीलदार करकेली, हितग्राहियों को कतारबध्द तरीके से बैठक व्यवस्था, आईडी कार्ड की व्यवस्था एवं क्रमबध्द तरीके से हितग्राहियों को सामग्री, प्रमाण पत्र वितरण हेतु मंच पर भेजने के लिए उप संचालक कृषि , जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, कार्यक्रम स्थल पर तख्ती , बैनर, पोस्टर व्यवस्थित ढंग से लगवाने के लिए कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, हैलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल पर फूलमाला, गुलदस्ता गमले आदि की व्यवस्था के लिए सहायक संचालक उद्यानिकी, समस्त कार्यक्रम के दौरान निर्बाध्द रूप से विद्युत प्रवाह , विद्युत लाइने एवं लटके हुए तारो को व्यवस्थित करने , ट्रांसफार्मर की निगरानी करने , चेक कराने व सुरक्षा प्रमाण पत्र प्रदाय करने संबंधी अधीक्षक यंत्री मप्रविविकंलि., भोजन की व्यवस्था के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, कार्यक्रम के दौरान विद्युत व्यवस्था, माइक व्यवस्था,पीए सिस्टम, लाईट व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के साथ ही बैकअप एवं विद्युत व्यवस्था सेफ्टी का ध्यान रखने के लिए प्रभारी सहायक यंत्री लोनिवि , उपयंत्री लोनिवि ई एंड एम को उत्तर दायित्व सौंपा गया है ।

कार्यक्रम स्थल, हैलीपैड आदि स्थानों पर मंच स्थल की साफ-सफाई , पेयजल , फायर बिग्रेड की व्यवस्था हेतु प्रभारी परियोजना अधिकारी शहरी एवं विकास अभिकरण, कार्यक्रम स्थल में पेयजल व्यवस्था हेतु कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, परिवहन हेतु वाहनों की व्यवस्था के साथ ही संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान आवश्यकतानुसार यातायात व्यवस्था हेतु क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी , लोकार्पण, शिलान्यास, भूमिपूजन की व्यवस्था के लिए महाप्रबंधक मप्रग्रासविप्रा , कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, कार्यक्रम के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों को एकत्र एवं सूचीबध्द करने हेतु संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी शहडोल , तहसीलदार पाली, नायब तहसीलदार वृत्त अमिलिहा, यातायात व्यवस्था पार्किग व्यवस्था किए जाने हेतु निरीक्षक यातायात थाना प्रभारी, मंच संचालन एवं मंचीय सहयोग हेतु सुशील मिश्रा जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान, कार्यक्रम स्थल में अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों को मंच तक ले जाने हेतु तहसीलदार तहसील नौरोजाबाद, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी के साथ मंच पर जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए महाप्रबंधक डी आईसी, हैलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस मय चिकित्सक, मेडिकल व्यवस्था एवं कैंप लगाए जाने हेतु , जल पान को चैक कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने हेतु सीएमएचओ उमरिया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान पत्रकारो की बैठक व्यवस्था, नियंत्रण, पत्रकारवार्ता आदि की व्यवस्था एवं समाचार प्रकाशन के लिए जनसंपर्क अधिकारी, मंच पर कन्या पूजन कराने की व्यवस्था हेतु सहायक संचालक महिला बाल विकास, आईडी कार्ड जारी करने हेतु डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित कराने एवं बैठने की व्यवस्था हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी समस्त, विभागों से समन्वय स्थापित करवाने एवं व्हीआईपी को अवलोकन कराने हेतु उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को उत्तरदायित्व सौंपा गया है ।

इसी प्रकार कार्यक्रम स्थल पर रंगोली एवं साज सज्जा की व्यवस्था के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रतीक चिन्ह तैयार करने,गो कास्ट से बनी सामग्री के प्रतीक चिन्ह के लिए सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एन आर एल एम, गेस्ट हाउस पाली के लिए उप संचालक खनिज, आर्ट कलाकारो के संपूर्ण व्यवस्था हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक , सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग तथा रिजर्व में जिला प्रबंधन नान, जिला विपणन संघ अधिकारी, सहायक श्रमपदाधिकारी, उप पंजीयक, सहायक आयुक्त सहकारिता, लीड बैंक प्रबंधक , प्रबंधक कापरेटिव बैंक, कार्यपालन यंत्री लोनिवि उमरिया को उत्तरदायित्व सौंपा गया है ।



# शासकीय काम काज की हुई शुरूआत



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में संयुक?त कलेक्ट्रेट परिसर में संगीतमय राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश के गायन के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई । इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे । संगीतमय राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, मध्यप्रदेश के गायन की प्रस्तुति सोहन चौधरी एवं उनके दल व्दारा दी गई ।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# आधी रात बज रहे डीजे, डीजे संचालकों के हौसले बुलंद

## कलेक्टर के आदेश के बाद भी नहीं लग पा रही रोक




**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** तेज आवाज में बज रहे डीजे पूरे नगरवासियों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहा है। इन पर प्रतिबंध लगाने के लिए भास्कर आए दिन प्रमुखता से समाचार भी प्रकाशित कर रहा है उसके बावजूद प्रशासन के द्वारा पुख्ता कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण डीजे संचालकों के हौसले बुलंद हैं। जबकि जिले के मुखिया कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। रविवार को आधी रात तक बज रहे डीजे से परेशान वार्डवासियों ने परेशान होते हुए गस्त कर रही पुलिस टीम को जानकारी दी जिसके बाद डीजे पुलिस हस्ताक्षेप के बाद बंद हो सका। विदित रहे कि इन दिनों शादी ब्याह का सीजन होने के कारण तेज आवाज में बज रहे अनियंत्रित ध्वनि यंत्रों के कारण आमजन खासे परेशान हैं। देर रात तक डीजे की कर्कश ध्वनि के कारण लोग रात भर जागने को मजबूर हो रहे है एवं तनाव भरा जीवन गुजार रहे है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ के अनुसार तेज डीजे साउंड के कारण आम नागरिकों की नींद टूटने के साथ हृदय रोग वाले मरीजों के लिए भारी जोखिम होता है। नींद में खलल पडने के साथ ही स्वास्थ्य मे भी दुष्प्रभाव पड़ने से शारीरिक नुकसान हो रहा है। पिछले कई दिनों से पूरे नगर में बेकाबू ढंग से आधी रात तक बजने वाले डीजे में रोक लगाने की मांग की गई है। विदित रहे तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाने कलेक्टर एवं जिला दंडाअधिकारी द्वारा साउंड उपयोग पर अनुमति अनिवार्य की गई है रात्रि में इसके उपयोग पर कार्यवाही भी होनी है। नगर मे हो रहे वैवाहिक कार्यक्रमों के साथ ही नगर के बारत घरों एवं कार्यक्रम स्थलों पर रात्रि मे तेज साउंड सिस्टम के साथ कार्यक्रमों का आयोजन होने के साथ ही तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किए जाने के कारण आसपास निवास करने वाले एवं हृदय रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने नवागत थाना प्रभारी से कान फोड़ू डीजे पर रोक लगाते हुए सख्ती के साथ कार्यवाही की मांग की है।

# तालाब को पाटने की साजिश पर प्रशासन ने दिखाई सख्ती

### एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद रुका गैरकानूनी कार्य

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** तहसील अंतर्गत माफियाओं द्वारा जल स्त्रोतों को मिटाने पर तेजी से आमादा है। नगर के वार्ड क्रमांक 4 मवेशी बाजार के पास निर्मित तालाब को माफियाओं द्वारा पाटने और महल बनाने का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ था कि फिर एक तालाब को शातिर माफियाओं द्वारा पाटते हुए तालाब को समाप्त किया जा रहा है। नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित रेलवे ओवर ब्रिज लहसुई के पास निर्मित वर्षों पुराने तालाब को मिट्टी डालकर पाटने का काम किया जा रहा था। गर्मी में जल सूखने का फायदा उठाते हुए शातिर लोगों द्वारा 50 से ज्यादा डग्गी माटी खुलेआम पाट दिया गया। जल संरक्षण समिति एवं स्थानीय नागरिको द्वारा मामले की शिकायत संबंधित राजस्व अधिकारियों को किए जाने के बाद एसडीएम अजीत तिर्की द्वारा राजस्व टीम को मौके पर भेजते हुए काम रुकवाया गया और मौका पंचनामा कार्यवाही उपरांत उच्च अधिकारियों के आदेश पर अटका है। जानकारी अनुसार रविवार को वार्ड क्रमांक 1 कुम्हरान टोला एवं दफाई टोला में निवासरत लोगों द्वारा पिछले 4 दशक से उक्त तालाब के पानी का निस्तार किया जाता रहा है। जिसे लहसुई निवासी अब्दुल मुईद के द्वारा तालाब में मिट्टी डालकर उसे पाटने का कार्य कराया जा रहा था।



सार्वजनिक निस्तार के तालाब को पाटे जाने की खबर तेजी से पूरे गांव वालों को लगी जिसके बाद अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के निर्देश पर पटवारी अभिमन्यु पाल को मौके पर भेजकर कार्य पर तत्काल रोक लगवाई गई। बीच तालाब में 50 से ज्यादा डग्गी माटी पाटा जा चुका है साथ ही बड़े भाग पर समतलीकरण कर निर्माण की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि तालाब न केवल जल संरक्षण का प्रमुख स्त्रोत होते हैं, बल्कि पशु-पक्षियों और आमजन के लिए जीवनदायिनी भूमिका निभाते हैं। सरकार एक ओर करोड़ों रुपए खर्च कर जल स्त्रोतों का संरक्षण और पुनरुद्धार करते हुए जल गंगा संवर्धन योजना चला रही है। वहीं दूसरी ओर ऐसे कृत्य शासन की योजना को पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। पर्यावरण प्रेमियों और क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला कलेक्टर से माँग की है कि पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए।

### इनका कहना है

मौके पर जाकर कार्य रुकवाया गया है। जांच प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को दी गई है।

**अभिमन्यु पाल, पटवारी कोतमा**

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक स्तर पर दिनांक 1 मई से 30 मई तक किया जा रहा है। यह शिविर जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी के नेतृत्व में आयोजित हो रहा है।दिनांक 1 जून को जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र अनूपपुर में वॉलीबॉल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बालक-बालिकाओं के मध्य प्रतियोगिता न्यू राज नगर वॉलीबॉल ग्राउंड थाने के पीछे आयोजित की गई जिसमें अंडर 14 मैं सोम की टीम विजेता और आर्यन की टीम उपविजेता रही और अंडर 18 में संनजम की टीम विजेता और सागर प्रताप की टीम उपविजेता रही बालिका वर्ग में नेहा सनी की टीम विजेता और मनीषा की टीम उपविजेता रही एवं मध्य प्रदेश पुलिस और पत्रकार के बीच मैच हुआ जिसमें पत्रकार सुमिता शर्मा की टीम विजई हुई और मध्य प्रदेश पुलिस सुमित कौशिक की टीम उपविजेता रही। इस दौरान उप क्षेत्रीय प्रबंधक एमपी सिंह थाना प्रभारी सुमित कौशिक नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह प्रेमचंद यादव वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष संजय सिंह सीनियर ओवरमैन रामचन्द्र यादव जिला खेल प्रशिक्षक खेल एवं युवा कल्याण विभाग अनुपपुर राजनगर वार्ड नंबर 9 मनोज चंदेल पार्षद वार्ड नंबर 6 के पार्षद प्रति बृजेश कुशवाहा वार्ड नंबर 2 के परिषद पति राजकुमार युवा कल्याण विभाग अनूपपुर वॉलीबॉल की सचिव सुमिता शर्मा वरिष्ठ खिलाड़ी सुरेंद्र शर्मा उर्फ लवली,वालीबाल संघ शहर सचिव हरिशंकर यादव नंदलाल यादव रामाश्रय रामराज केवट अजय यादव रोहित सिंह बृजमोहन सिंह अंकित दुबे रामजी बिन्द प्रदेश के वॉलीबॉल स्टेट रेफरी जितेंद्र कुमार पनिका पत्रकार अमित सेनगुप्ता पत्रकार मनीष सिंह पत्रकार विजय जायसवाल पत्रकार भागीरथी कुशवाहा, पत्रकार मनु मणि तिवारी एवं पत्रकार बी एल सिंह उपस्थित रहे।



# मप्र शिक्षक संघ के चुनाव में संभागीय अध्यक्ष पद पर रमाशंकर मिश्रा ने की शानदार जीत हासिल

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय संपन्न हुए चुनाव में संभागीय अध्यक्ष पद पर रमाशंकर मिश्रा ने 44 मत अर्जित कर शानदार जीत हासिल की और उनके जीत पर उनके समर्थकों में आपार हर्ष व्याप्त रहा।



बुढार।

म. प्र. शिक्षक संघ संभाग शहडोल के निर्वाचन की प्रक्रिया रविवार को अपनायी गई और संभागीय अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में रमाशंकर मिश्रा एवं राम नारायण विश्वकर्मा के मध्य मतदान हुआ। जिसमें 44 मत रमाशंकर मिश्रा एवं 21 मत राम नारायण विश्वकर्मा को प्राप्त हुआ और रमाशंकर मिश्रा अपने प्रतिद्वंद्वी को शिकस्त देकर 23 मतों से शानदार जीत हासिल की।

संभागीय मुख्यालय शहडोल में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के त्रैवार्षिक चुनाव निर्वाचन अधिकारी श्री गौतम मणि अग्निहोत्री, वरिष्ठत प्रवाचक डाइट सीधी, पर्यवेक्षक अशोक दीक्षित प्राचार्य बालाघाट एवं संयोजक अनिल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में , तथा संभाग प्रभारी महेंद्र त्रिपाठी, प्रांतीय आयाम प्रमुख अरुण कुमार मिश्रा के देख- रेख में निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया उत्साहमय संपन्न हुई, और संपन्न हुए चुनाव में शहडोल संभागीय अध्यक्ष पद पर रमाशंकर मिश्रा की शानदार जीत हुई , वही सचिव पद पर हरिहर प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष राम कुमार राठौर उपाध्यक्ष अर्जुल खान, सह सचिव अमृतलाल मौर्य एवं 6 कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए।

म. प्र. शिक्षक संघ संभागीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चन्द्रवली यादव, चौधर सिंह, दिलीप द्विवेदी, प्रभात मिश्रा, अंबिका प्रसाद पटेल, सुनील कुमार मिश्रा भी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

संभागीय अध्यक्ष पद पर रमाशंकर मिश्रा की मिलनसारिता तथा संगठन को सशक्त बनाने समर्पण भावना से तत्पर रहने के फल स्वरुप उन्हें व्यापक समर्थन मिला और उनके विरोधियों को पराजय का स्वाद चकना पड़ा।

निर्वाचन के उपरांत आयोजित सम्मान सभा को संबोधित करते हुए निर्वाचन अधिकारी श्री अग्निहोत्री ने संभागीय इकाई शहडोल के नव निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की तथा संभागीय इकाई की रीति नीति और समग्र कार्यकारिणी जिसमें संबद्ध जिलों के अध्यक्ष सचिव साथ ही संभाग में निवासरत पूर्व, वर्तमान संभागीय, प्रांतीय,अखिल भारती पदाधिकारियों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में होने वाले बैठकों में बुलायें जाने अवगत कराया गया, वहीं पर्यवेक्षक अशोक दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

निवर्तमान संभागीय अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने संघ के सभी साथियों को उनके कार्यकाल में प्रदत किए गए संगठन हित में अभूतपूर्व सहयोग के लिए आभार प्रदर्शित किये और उन्होंने कहाकि जीवन पर्यन्त म. प्र. शिक्षक संघ की सेवा के लिए समर्पण भावना से रहूंगा। म. प्र. नव निर्वाचित शहडोल संभागीय अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा ने संघ के साथियों के प्रति आभार जताते हुए कहाकि जिस निष्ठा भाव से मुझे संगठन का अध्यक्ष चुना गया है उसी भावना से संगठन हित में तत्पर रहूंगा, और तीन वर्ष हेतु मिले दायित्व को पूरी क्षमता से निर्वहन करुंगा और संगठन को सशक्त बनाने अग्रणी भूमिका का निर्वहन करूंगा। संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पहार से स्वागत व अभिनंदन किया गया। प्रांतीय सचिव महेंद्र त्रिपाठी ने आयोजित स्वागत सम्मान सभा का संचालन किया। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ निर्वाचन कार्य में अरुण मिश्रा, डॉ नरेन्द्र पटेल और विनोद कुमार सिंह जिला सचिव शहडोल ने अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान किया।

## खबर संक्षेप



### घुमंतु मवेशियों को पकड़ने चलाया जा रहा अभियान

**कटनी।** नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो में आवारा मवेशी के विचरण के कारण आम नागरिकों को होनें वाली यातायात संबंधी परेशानी तथा संभावित वाहन दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम की हांका टीम के माध्यम से आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पकड़े गए आवारा मवेशियों को वाहन के माध्यम से अमतीरगंज स्थित कांजी हाउस में भेजनें का कार्य निरंतर जारी है। स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि इसी तारतम्य में गतदिवस नगरपालिक की हांका टीम द्वारा जय प्रकाश वार्ड के विभिन्न मार्गो में अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गो में आवारा विचरण कर यातायात को बाधित कर रहे 4 नग मवेशियों को पकड़कर वाहन के माध्यम से अमीरगंज कांजी हाउस में भेजने की कार्यवाही की गई। आपने जानकारी देते हुए बताया कि आगे भी यह कार्यवाही लगातार नियमित रूप से जारी रहेगी।

### द्वितीय परीक्षा के आवेदन पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ी

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदनपत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

### डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये प्रक्रिया शुरू

**कटनी।** प्रदेश के समस्त शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) एवं अशासकीय महाविद्यालयों में डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिये आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संस्थानों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र की बेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रथम चरण के प्रवेश पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गयी है। उल्लेखनीय है कि उक्त संस्थानों में डीएलएड पाठ्यक्रम की नियत सीटों पर प्रवेश, अभ्यर्थी के कक्षा 12वीं में प्राप्तांकों के आधार पर मैरिट अनुसार शासन द्वारा आरक्षण संबंधी जारी निर्देशों के तहत किये जायेंगे। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर आरक्षण नियमों के अनुसार मेरिट सूची 6 जून को तथा योग्य अभ्यर्थियों को विभिन्न संस्थानों में प्रवेश आवंटन 7 जून से 10 जून तक जारी किये जायेंगे। चयनित अभ्यर्थी 11 जून से 16 जून के मध्य उन्हें आंवटित संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे।

### दो महिलाओं को किया दस्तयाब

**उमरियापान।** थाना क्षेत्र से गुम हुई दो महिलाओं को उमरियापान पुलिस ने अलग अलग क्षेत्रों से दस्तयाब किया है। पुलिस ने दोनों को परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना क्षेत्र से गुमशुदा हुई दो महिलाओं को अलग अलग स्थानों से दस्तयाब किया है। दस्तयाबी उपरांत महिलाओं को उनके परिजनों को बुलाकर सुपुर्द किया गया।

### साफ सफाई के साथ फागिंग मशीन से किया जा रहा धुआं

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे ने शहर में मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही तमाम आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए है।



# अवैध को रेत को जप्त करने की मांग

**ब्यौहारी।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत भमरहा प्रथम में जो की ब्लॉक मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर है वहां पर हाई स्कूल के बगल में लगभग 60 ट्राली अवैध रेत सनौसी के ठेकेदार विनोद पटेल द्वारा रखवाया गया है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसको 3 करोड़ की स्कूल की बिल्डिंग का निर्माण होना है जिसमें जहां पर नदी से ₹700 ट्राली के दर से अवैध उत्खनन करके रखा गया है गांव के निवासी मंगलेश प्रजापति एवं राजकुमार पटेल ने कहा की क ई जगह शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई अब कमिश्नर एवं कलेक्टर से अवैध रेत को जप्त करने की मांग की है।

# सुबह शाम दौड़ रही कचरा गाड़ी फिर भी सड़क पर फेंक रहे गंदगी, नगर परिषद के प्रयासों पर फेर रहे हैं पानी






ब्यौहारी

नगर परिषद के अंतर्गत नगर को स्वच्छ बनाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा सुबह शाम कचरा गाड़ी डोर टू डोर संग्रहण के लिए भेजी जा रही इसके बावजूद भी कुछ दुकानदार एवं मोहल्ले के लोग अपनी यादों से बाज नहीं आ रहे और गाड़ी जब निकलती है तो उसमें कचरा नहीं फेंकते जैसे ही गाड़ी निकल जाती है उसके बाद सड़क पर कचरा फेंक देते ऐसे लोगों को सुधारने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर एवं स्वच्छता निरीक्षक को अपने दल बल के साथ रात 10:00 बजे निकलना होगा और जिन दुकानदारों और घरों के सामने कचरा फेंका गया है उनको स्पाट फाइन करना होगा विना फाईन किये बात नहीं बनने वाली हैं लोग जानते हैं कि नगर पालिका कार्रवाई केवल घोषणा तक ही सीमित है क्योंकि करवाई आज तक कभी नहीं हुई इसलिए निरंकुश हो चुके हैं उनको नगररिकों को स्वच्छता से कोई मतलब नहीं है कि नगर को स्वच्छ बनाने के लिए सफाई कर्मी कितनी मेहनत करते हैं कुछ लोगों के कारण पूरा शहर गंदा दिखता है यदि नगर पालिका कार्रवाई करती है तो कुछ लोग भले नाराज हो जाएं लेकिन 90% नगर वासी खुश होंगे और ब्यौहारी- नगर की स्वच्छता रैंकिंग भी बढ़ेगी जागरूक नगर वासियों ने कमिश्नर एवं कलेक्टर से सड़क पर कचरा फैलाने वाले दुकानदारों एवं नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर सुनेंगे समस्याएं और करेंगे निराकरण की पहल

**लोक सुनवाई सह जन संवाद का दूसरा चरण 5 जून से होगा शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए लोक सुनवाई का दूसरा चरण शुरू हो रहा है। इसके तहत ज़िले का पहला कार्यक्रम गुरुवार 5 जून को शाम 5 बजे से जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में आयोजित होगा। जहां कलेक्टर स्वयं मौजूद रहकर, लोगों से रू-ब-रू होंगें। जिले के अलग-अलग स्थानों में कुल 13 लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे। कलेक्टर ने सभी के लिए दिन, तिथि और समय घोषित कर दिया है। जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कलेक्टर सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी, एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की टीम द्वारा आम जनता के बीच ग्राम पंचायत तक पहुंच कर उनकी समस्याएं और शिकायतें जानने की पहल कर्मठ सुशासन की नजीर है। यह पहल करने वाला कटनी प्रदेश का पहला जिला होगा, जहां के कलेक्टर सहित जिला अधिकारी गांव में जाकर लोगों का दुःख-दर्द जानेंगे।

जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में गुरूवार 5 जून को पहली लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के बाद जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत देवरी हटाई में 12 जून को दूसरी लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार 19 जून को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में, 26 जून को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में, 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में, 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

## कृषि की उन्नत तकनीक एवं योजनाओं की दी जानकारी



विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत दिनांक 29 मई से 12 जून तक ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कृषि की उन्नत तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी हेतु वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित पंचायतों में निर्धारित दिनांक और समय अनुसार कार्यक्रम आयोजित कर कृषकों को जानकारी दी जा रही है इसी अंतर्गत आज दिनांक 01,06,2025 को ग्राम पँचायत अमाड़ी, बरछेका,बनहरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कृषि की उन्नत तकनीको एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ आर के मिश्रा, डॉक्टर अर्चना एवं एस . ए . डी . ओ . कृषि आर . के .रावत तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने दिये निर्देश**

# 37 लाख से बन रहे पंचायत भवन का जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत द्वारा मैदानी भ्रमण और निरीक्षण का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में श्री गेमावत ने बहोरीबंद जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत डिहुटा एवं बरखेड़ा भरदा में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने ग्राम पंचायत डिहुटा में 37.49 लाख रूपये की लागत से निर्मित हो रहे नवीन अटल पंचायत भवन का निरीक्षण किया। जिसके निर्माण



कार्य में प्रगति पाई गई। उन्होंचने कार्य को समय-सीमा में मापदंडों के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।साथ हीउन्होंने ग्राम पंचायत भरदा बरखेड़ा में नवीन तालाब निर्माण कार्य के निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सहायक यंत्री से पानी के ढाल की जांच कराई।

# सुचारू सफाई व्यवस्था एवं बीमारियों पर नियंत्रण के लिए सफाई अभियान

**बारिश पूर्व कराई जा रही सफाई ताकि जल भराव की समस्या न हो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा वैसे तो नगर की सफाई व्यवस्था हेतु नियमित रूप से शहर के सभी वार्डों में सफाई का कार्य किया जाता है। लेकिन वर्तमान गर्मी के मौसम के चलते नगर के समस्त मुख्य मार्गो, बाजार स्थलों सहित अन्य मार्गो में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जारी है। वहीं दूसरी ओर बरसात के मौसम में नगर मे उत्पन्न होनें वाली जलभराव की समस्या को देखते हुए विशेष तैयारी कर नगर के बड़े एवं छोटे नाले - नालियों की सफाई का कार्य अभियान स्वरूप किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था सहित जल निकासी की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखनें के निर्देश दिए गए है। जिसके परिपालन में युद्ध स्तर पर नगर में सफाई का काम शुरू कर दिया गया है।

### टीम बनाकर सौंपे दायित्व

बरसात से पूर्व शहर के सभी नाला व नाली की सफाई कराने को लेकर निगम प्रशासन गंभीर है। शहर की सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग अधिकारी रोजाना प्रातः कर आवश्यक दिशा- निर्देश दे रहे हैं। इस कार्य के लिए टीम बनायी गयी है और सफाई कर्मी अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं तथा सभी सुपरवाइजर व वार्ड दरोगा से रिपोर्ट ली जा रही है।सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु दो पालियों में की जाने वाली सफाई व्यवस्था के तहत रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था अंतर्गत बस स्टेंड परिसर, मेन रोड, सुभाष चौक, गांधी द्वार से मिशन चौक, मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग सहित अन्य स्थलों में सफाई का कार्य कराया गया। वहीं माई नदी से दुर्गा चौक तक स्वीपिंग मशीन चलाई जाकर मार्ग की सफाई कराई गई। इसके अलावा प्रातःकालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के दौरान बरगवां ओव्हर ब्रिज, चांडक चौक पुल, ऑडिटोरियम परिसर, मुक्तिधाम पहुंच मार्ग एवं मुक्तिधाम परिसर बस स्टेंड मुख्य मार्ग सहित बस स्टेंड यात्री प्रतीक्षालय एवं परिसर पन्ना मोड़ मिशन चौक पीरबाबा उर्स मेला परिसर सहित समस्त वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गो, बाजार क्षेत्रों की सफाई का कार्य कराया जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। नगर के नाले- नालियों के माध्यम से सुगम जल निकासी हेतु वार्ड क्रमांक 10 के मुख्य मार्गो, साधूराम स्कूल के सामने एवं बाड़े के अंदर, वार्ड क्रमांक 11 मुन्ना गली, रामनिवास सिंह वार्ड की विभिन्न गलियों, वार्ड क्रमांक 32 शमशान भूमि के पीछे स्थित बडे. नाले, वार्ड क्रमांक 23 स्थित सुभाष चौक, वार्ड क्रमांक 20 स्थित यादव बस्त, वार्ड क्रमांक 21 स्थित मित्र विहार कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 27 बरगवां बस्ती, वार्ड क्रमांक 39 चाचा किराना स्टोर्स के पीछे की नाली की सफाई का कार्य स्वच्छता दूतों की टीम के माध्यम से कराया गया।

## मनमाने रेट पर बिक रही शराब, कहीं भी नहीं चस्पा रेट लिस्ट

# शराब माफिया के आगे बेबस आबकारी विभाग

**जिले भर में संचालित अवैध शराब के ठीहे**

**एकलौते ठेकेदार की हठधर्मिता झेल रहे सुराप्रेमी**

**दुकान बंद होने के बाद रात में दुगुनी कीमत में बेची जा रही शराब**

जहां प्रदेश की सरकार अवैध शराब पर शिकंजा कसने के दावे करते दिखाई दे रही है, वही जिले में शराब माफिया की ताकत को बढ़ने से कोई रोक नहीं पा रहा है। जिले भर में दोगुनी ताकत से अवैध शराब का कारोबार खुलेआम फैलता दिखाई दे रहा है। शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बोतलों में भरकर अवैध शराब रूपी जहर धड़ल्ले से पुलिस व आबकारी विभाग की सह पर बिक रहा है। यह सुनने में थोड़ा अटपटा जरूर लगता होगा, लेकिन यही वर्तमान में जिले भर की स्थिति है। एक तरफ जहां नशा माफियाओं पर नियंत्रण लगाने की बातें कही जाती हैं तो दूसरी तरफ अवैध शराब शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के होटल ढाबों में खुलेआम बेची जा रही है जिसकी प्रशासन व आबकारी विभाग को खबर तक नहीं है। आखिर कैसे जिले में बेखौफ ये अवैध शराब का धंधा चल रहा है, क्या खुफिया तंत्र इससे अंजान है या जानने की इच्छा ही नहीं कर रहा है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर




जिला मुख्यालय स्थित कंपोजिट शराब दुकान क्रमांक 01 व 02 के अलावा पूरे जिले में ठेकेदार नियम कानून को अपने जेब मे रखकर जिला प्रशासन को दिन के उजाले व रात के अंधेरे में खुलेआम चुनौती दे रहा है वही जिला प्रशासन व आबकारी विभाग शराब ठेकेदार का कुछ नही कर पा रहे हैं। जब से 2025-26 में अनूपपुर पूरे जिले का ठेका हुआ है, तब से ठेकेदार की मनमानी पूरी तरह से शुरू है। अपने गुर्गो व लठैतों से दम पर गांव- गांव में पैकारी, रेट से ज्यादा दाम में शराब की बिक्री, ग्राहकों को बिल न देना, ग्राहकों के साथ अभद्रता करके धमकी देना शराब ठेकेदार के लिए आम बात हो गयी है। नए शराब के ठेका के बाद ठेकेदार के दुकानो की प्रशासन के पास लगातार शिकायत के साथ -साथ सोशल मीडिया व समाचारों में प्रकाशित होने के बाद भी प्रशासन एक दो मामले में जुर्माना करके अपना कोरम पूरा कर लेती है।

### मोबाइल में कैद हुई आधी रात करामात

शराब प्रेमियों को ठेकेदार लूट रहा है। रुपए का रुतबा, राजनैतिक पकड़ के कारण ठेकेदार नियम कानून की धज्जियां उड़ाकर प्रशासन को चैलेंज कर रहा है वही प्रशासन हाथ मे हाथ धरकर बैठकर नतमस्तक नजर आ रही है। जिला मुख्यालय के अमरकंटक तिराहा स्थित कंपोजिट शराब दुकान क्रमांक 02 में दुकान बंद होने के बाद प्रतिदिन दुगुनी कीमत में शराब ग्राहकों को बेची जा रही है, इसकी शिकायत काफी दिनों से आ रही थी। 01 जून की रात 11.30 बजे शराब दुकान बंद होने के बाद कुछ लोग शराब दुकान शराब लेने पहुँचे, जब शराब दुकान के अंदर बैठे कर्मचारियों से ग्राहकों ने शराब देने की मांग की तो दुकान के कर्मचारियों ने प्रिंट रेट से डबल रेट में शराब देने की बात कही, चूंकि ग्राहकों को तो शराब चाहिए थी, इसलिए डबल रेट में शराब खरीद ली और यह सब घटना मोबाइल के कैमरे में कैद हो गई। क्या जिले में शराब ठेकेदार इस तरह नियम कानून की धज्जियां उड़ाता रहेगा और जिला प्रशासन कुछ नही कर पायेगा।




### चरम पर महंगे शराब की प्रक्रिया

जिले भर में शराब ठेकेदार के गुर्गो की गुण्डागर्दी बढती जा रही है, आये दिन ग्राहकों के निर्धारित दर से ज्यादा पैसे लेने के बाद अभद्रता और दादागिरी रोज की बात हो चुकी है, जिसकी शिकायत मौखिक व लिखित रूप से आबकारी अधिकारी के पास पहुंची है, उसके बावजूद भी कार्यवाही न होना ठेकेदार के समक्ष नतमस्तक की ओर इशारा करता है। जिले में संचालित सभी शराब दुकानों में मंहगे दामों पर शराब बेचे जाने की प्रक्रिया अपने चरम पर है। जिले की सभी दुकानों को मिलाकर प्रतिदिन की आय लाखों-करोडो रूपए की होती है। जिसमें इस फायदे का एक तिहाई हिस्सा ग्राहकों से अवैध तरीके से वसूला जाता है। मतलब साफ है कि बोतलो पर लगे टैग व प्रिंट रेट से ज्यादा में बेचे जाने के कारण लाखों का व्यापार प्रतिदिन करोडो में पहुंच जाता है। खुलेआम गुण्डागर्दी करना, मनमाने दर पर बेचना व बिल न देना इनका पेशा बन चुका है। ज्ञात हो कि जिले का लायसेंसी शराब दुकान एक ही व्यक्ति के द्वारा लिया गया है। शराब दुकानों से प्रतिदिन की आय लाखों रूपयों की होती है, इस हिसाब से ठेके में लगाये गये करोडो रूपए चंद महीनों में ही अरबो में बदल जायेंगे और यह प्रक्रिया लगातार वर्ष भर चलता रहेगा। तब तक न जाने कितने लोग शिकार हो चुके होंगे, पर इससे ठेकेदार और आबकारी अधिकारी को कोई फर्क नही पडता।

### बुझे कई घर के चिराग

जिले भर में पहले भी नशे ने कई घरों के चिरागों को अपनी सफेदी से साफ कर दिया तो वर्तमान परिदृश्य में अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, राजनगर, जमुना, जैतहरी, राजेन्द्रग्राम, चचाई जैसे शांतिपूर्ण क्षेत्र में यूं खुले रूप से शराब बेचने से घूंट-घूंट पर मौत का नशा छा गया है। क्या कानून के रखवालों की इसमें मिलीभगत है या मामला कुछ और है, यह चिंतनीय है तथा इसका समाधान भी आवश्यक है। जिले के पुलिस अधीक्षक व संबंधित विभाग को कड़े निर्णय लेने की आवश्यकता है। तभी जिले भर में खुशहाल व समृद्धशाली विकास यात्रा पर कदम बढ़ा सकता है। नहीं तो उड़ते पंजाब के बाद अब अगली कड़ी में नशे में लडखड़ाता अनूपपुर जिला क्षेत्र पेश होते समय नहीं लगेगा। युवाओं को प्रेरित किया जाना चाहिए कि वे नशे से दूर रहें। उनका ध्यान खेल गतिविधियों की तरफ मोडना होगा।

### नागरिकों में बढ़ रहा आक्रोश

जिले में फिल्टर युक्त पीने योग्य पानी तो आसानी से नहीं मिल पा रहा है, परंतु अवैध शराब अवश्य मिल जाती है। अवैध शराब कारोबारियों की वजह से सैकड़ों परिवार बर्बाद हो चुके हैं। मदिरा प्रेमियों की संख्या बढ गई है। शिकायत किए जाने के बावजूद ना ही आबकारी विभाग कार्रवाई करता है और ना ही पुलिसिया कार्रवाई होती है, जिसके चलते अवैध शराब का विक्रय करने वालों के हौसले तो बुलंद हुए हैं वहीं दूसरी ओर अल्प समय में धनवान बनने लगे हैं। जिले भर के लोगो द्वारा शिकायत किए जाने पर मारपीट और गुंडागर्दी तक करते हैं। शिकायत करने पर पुलिस शिकायतकर्ता को ही अपना निशाना बनाती है और समय आने पर झूठी कार्रवाई कर सफल हो जाती है। ऐसी स्थिति में शिकायतकर्ता भी अब शिकायत करने में डर रहे हैं। खुलेआम जिले भर में शराब की अवैध बिक्री हो रही है। स्थिति इतनी विस्फोटक हो गई है कि कुछ मजदूर तो सुबह से ही अवैध शराब के ठिकानों पर पहुंचकर अपनी गाढ़ी कमाई को नशे में झोंक रहे हैं। इसके बावजूद शराब माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाही नहीं हो रही है। जिले में नशे का कारोबार किस कदर धड़ल्ले से फल-फूल रहा है, इस बात का अंदाजा जगह-जगह डिस्पोजल, गिलास तथा शराब की खाली बोतलों को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। सूर्योदय के साथ ही जहां शराब माफिया सक्रिय हो जाते हैं। वहीं शाम को आसपास के कुछ इलाकों में स्थिति इतनी विस्फोटक हो जाती है कि संभ्रांत परिवार के लोग आने-जाने से कतराने लगते हैं। इसके चलते स्थानीय निवासियों के बीच आक्रोश की स्थिति बनती चली जा रहे है।

### धडल्ले से चल रही पैकारी

सुबह जैसे ही अंग्रेजी शराब की दुकान खुलती है वैसे ही शराब ठेकेदार के गुर्गों द्वारा बोलेरो व मोटर साइकिल में अवैध रूप से शराब की बिक्री करने के लिए होटलों ढाबा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से पैकारी में शराब बेचने के लिए भेजी जाती है और वह व्यक्ति बोलेरो व मोटरसाइकिल में बेखौफ होकर शराब पहुंचाने का कार्य कर रहा है। पुलिस को प्रतिदिन आबकारी एक्ट का मामला बनाने के लिए जिले के मुखिया से निर्देश जारी होते हैं और पुलिस के द्वारा महुआ की बनी कच्ची शराब एवं छोटी मोटी कार्यवाही करते हुए अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर लेती है जबकि गली मोहल्लों एवं होटल ढाबों में खुलेआम बैठाकर शराब की बिक्री एवं बैठाकर शराब पिलाई जा रही है लेकिन न तो आबकारी विभाग न ही पुलिस विभाग कार्यवाही कर रहा है।



## मुण्डा के नलों से नहीं निकल रहा जल

हरिभूमि न्यूज जैतहरी

जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडा में बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग पीएचई विभाग के की लापरवाही की वजह से पानी के लिए ग्रामवासी लाइन लगाकर अपनी बारी का हैंडपंप के सहारे या तालाब से पानी भरना पड़ता है नल जल योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडा में भी लगा है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि नल जल से गांव में पानी की किल्लत दूर होगी। ज्ञात हो कि विकास यात्रा 25/02/2023 को जल जीवन मिशन अंतर्गत भूमि पूजन भी किया गया था तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत राशि ग्राम पंचायत मुंडा के नल जल योजना मुंडा 94.52 लाख, नल जल योजना आमांडाड 36.44 लाख, नल जल योजना खालबहरा 29.17 लाख आमाडांड और खालबहरा में आज तक चालू ही नहीं हुआ है किंतु अधिकारियों के मनमौजी के कारण आज भी ग्राम पंचायत मुंडा में पानी की समस्या बनी हुई है। यहां ग्रामवासियों को नल जल योजना से कभी पानी मिलता है। लगभग 15 दिनों से ग्राम पंचायत मुंडा में नल से पानी नहीं दिया जा रहा है जिसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन क्रमांक 32647122 पर किया गया है किंतु कार्यवाही नहीं की जा रही है।

## 8 जून तक बढ़ी हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के आवेदन पत्र भरने की तिथि

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

# ग्राम पंचायत तितरीपोंडी में घटिया नाली निर्माण

**फंड के 4.87 लाख की बर्बादी, उपयंत्री की भूमिका पर सवाल**

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** ग्राम पंचायत तितरीपोंडी में नाली निर्माण कार्य इन दिनों विवादों के घेरे में है। लक्ष्मण सिंह के घर से लेकर आंगनवाड़ी केंद्र तक लगभग 4,87,000 की लागत से बन रही नाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह राशि केंद्र सरकार की टाइड फंड योजना के तहत स्वीकृत हुई थी, जिसका उद्देश्य गांव की साफ-सफाई और आधारभूत ढांचे को मजबूत करना था, लेकिन हकीकत इससे उलट दिख रही है।



स्थानीय लोगों की मानें तो नाली निर्माण में बहुत ही कम मात्रा में रॉड और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। जिस कार्य की मजबूती आने वाले वर्षों तक टिके रहने की होनी चाहिए थी, वह अभी से ही दम तोड़ता नजर आ रहा है। निर्माण की गुणवत्ता इतनी खराब है कि नाली वर्षा ऋतु से पहले ही टूटने की कगार पर है। इस पूरे निर्माण कार्य की निगरानी ग्राम पंचायत की उपयंत्री नेहा सिंह द्वारा की जा रही है, जिन पर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है, लेकिन हैरानी की बात है कि उन्हीं की निगरानी में यह कार्य इतनी लापरवाही से किया जा रहा है, जिससे शक होता है कि कहीं यह सब ठेकेदार को लाभ पहुंचाने की साजिश तो नहीं। गांव के लोगों में इस घटिया निर्माण को लेकर भारी नाराज़गी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार द्वारा लाखों की राशि विकास कार्यों के लिए दी जा रही है, तो उसका सही उपयोग क्यों नहीं हो रहा? स्थानीय निवासी ने कहा, यह नाली दो महीने भी नहीं टिकेगी, सारा पैसा मिट्टी में मिलाया जा रहा है। यह खुली लूट है और प्रशासन मौन है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि नाली निर्माण में न मापदंडों का पालन किया जा रहा है, न ही किसी तरह की पारदर्शिता है। निर्माण स्थल पर न तो कोई सूचना बोर्ड है, न ही कोई तकनीकी अधिकारी नियमित निरीक्षण के लिए आता है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि यह काम सिर्फ कागजों में ही पूरा किया जा रहा है, जबकि जमीन पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है।

### उपयंत्री की भूमिका पर भी सवाल

उपयंत्री नेहा सिंह की भूमिका पर भी बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। जहां एक ओर उन्हें विकास कार्यों की गुणवत्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं दूसरी ओर उन्हीं की देखरेख में इस तरह का भ्रष्टाचार सामने आना गंभीर चिंता का विषय है। क्या नेहा सिंह खुद इस खेल में शामिल हैं या फिर उनकी लापरवाही का फायदा कोई और उठा रहा है? अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन इस भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई करेगा? या फिर लाखों रुपये का यह टाइड फंड भी अन्य योजनाओं की तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगा? ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे निर्माण कार्य की जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते यह मामला नहीं संभाला गया, तो गांव में जनआंदोलन की स्थिति बन सकती है।

### रूह कांप जाती है बाईकर्स चालकों की चाल देखकर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** इस समय यदि नगर की यातायात व्यवस्था पर गौर किया जाये तो अनेक प्रकार के नजारे देखने मिल रहे है जिसमें प्रमुख रूप से दिन भर वह बच्चे दो पाहिया वाहनों को चलाते हुए देखे जाते है जिनकी उम्र वाहन चलाने लायक होने की बात तो दूर यदि उन्हें वाहन पर बैठा कर जमीन में पैर लगवाये जावे तो वह भी नही पूज पायेगे? मगर इसके बाद भी इस प्रकार के बच्चे दो पाहिया वाहन को तीन-तीन सवारी बैठाकर फर्राटे मारते हुए गाडी दौडाते हुए नगर की सडको पर आसानी से देखे जा सकते है? वही यदि रात की बात की जाये तो शाम होते ही नगर की सडको पर जिस प्रकार से बाईकर्स चालको की गाडियां जिस स्थिति में दौडती है। उसे देखते हुए तो लोगो की रूह कांप जाती है इस समय शाम होते ही शहर की सडको पर देखा जा रहा है कि आवारागर्दी और अराजकता का माहौल दिन प्रतिदिन बढता जा रहा है? शाम ढलते ही शहर की सडको पर आवारागर्दी के नजारे आसानी से देखने मिल रहे है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो अनेक युवा बिना नंबर की मोटर सायकिलों पर सवार होकर नशे की हालत में इस कदर गाडी दौडते है कि यदि धोखे से कोई उनकी गाडी के सामने आ जाये तो उसका बचना मुश्किल ही हो जाता है।

## ले जाने को मजबूर लोटा, यहां शौचालय का टोटा

**अब भी दस फीसदी आबादी जाती है खुले में शौच**



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** खुले में शौच जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सरकार कवायद कर रही है, इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन जैसे अभियानों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, ग्रामीण तो ग्रामीण क्षेत्र इसका असर शहरी क्षेत्र में भी देखने को नहीं मिल रहा है आलम यह है कि शहर की करीब 10 प्रतिशत से अधिक आबादी अभी भी शौचालय के अभाव में खुले में शौच करने को मजबूर है लेकिन स्थानीय प्रशासन इस ओर ध्यान नही दे रहा है। सरकार इसके लिए हितग्राही को अनुदान भी दे रही है, साथ ही प्रशासन भी लोगों को जागरूक करने के लिए कई प्रयास कर रहा है। लेकिन शहर में स्थानीय जिम्मेदार इस अभियान में रूचि नहीं ले रहे हैं यही कारण है कि शहरी क्षेत्र में अभी भी 10 प्रतिशत से अधिक परिवारों के घरों में शौचालय नहीं है यह लोग खुले में ही शौच कर रहे हैं इसके चलते शहर के आसपास व कई अंदरूनी क्षेत्र जहां पर जमीन खाली पड़ी है वहां गंदगी का अंबार लगा रहता है गंदगी से उठने वाली दुर्गंध व पनपते मच्छरों के कारण रहवासियों का जीना दूभर हो रहा है। शहर के कई घरों में शौचालय नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में महिला, बच्चे खुले में शौच करने को मजबूर हो चुके हैं। अधिकांश लोगों के घरों में बिना सेप्टी टेंक के शौचालय हैं सेप्टी टेंक के अभाव में शौचालय का सीधा कनेक्शन नाले एवं नालियों में कर दिया है। इससे आस पास के रहवासियों का जीना दूभर हो रहा है साथ ही कई संक्रामक बीमारियां भी फैलने का अंदेशा बना रहता है वहीं गंदगी के वजह लोगों को गंभीर बीमारियों का सामना भी करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि शहर के कई इलाको मे आज भी शौचालयो की दरकार है। हालांकि प्रशासन ऐसी जगहो में शौचालय का निर्माण करा रही है। बताया जाता है कि पूर्व मे शौचालय बनाये जा रहे थे परंतु बीच मे कुछ कारणो से निर्माण कार्य रूक गये थे और अब पुनः शौचालय निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। शहर के अधिकांश इलाके के रहवासी आज भी नदी नालो, खाली मैदानो, खेतो की ओर शौच के लिए जाते है ऐसे मे एक ओर सरकार की मंशा का पालन पूर्णरूपेण सुनिश्चित नही हो रहा है।

## स्व. दलबीर सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर स्व. सिंह को किया नमन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के पिता स्वर्गीय दलबीर सिंह की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहडोल संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया और उनके द्वारा शहडोल संभाग ही नहीं मध्य प्रदेश और देश के लिए किए गए कार्यों को याद किया। शहडोल अनूपपुर उमरिया के विकास में पंडित शम्भूनाथ शुक्ला के बाद सबसे बड़ा योगदान दलबीर सिंह रहा उन्होंने न केवल आदिवासी शहडोल के विकास के लिए मार्ग प्रशस्त किया बल्कि राजनीति के क्षेत्र में भी शहडोल संभाग का नाम देश के अंदर गौरवान्वित करने का कार्य किया है। स्वर्गीय दलबीर सिंह का जन्म 6 मई 1944 को मध्य प्रदेश के वर्तमान अनुपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ तहसील के कोयलारी गाँव में हुआ। उन्होंने अपनी शिक्षा जबलपुर से प्राप्त की, जहाँ उन्होंने एम.ए. और एल.एल.बी. की डिग्री हासिल की। वकील के रूप में काम शुरू करने वाले दलबीर सिंह ने 1972 में पहली बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता और मध्यप्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। इस युवा और सभ्रांत नेता ने निर्दलीय विधायक बन कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली, कांग्रेस में बेहद सक्रिय और प्रभावशाली तरीके से काम करते हुए 1980 में शहडोल लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए इसके बाद 1985 एक बार फिर शहडोल से सांसद निर्वाचित होने के बाद और उन्हें राजीव गांधी मंत्रिमंडल में शहरी विकास मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री नियुक्त किया गया। शहडोल में आकाशवाणी दूरदर्शन केंद्र जैसे संस्थान दलबीर सिंह की याद दिलाते हैं। 1991 में सांसद निर्वाचित होने के बाद उन्हें पीवी नरसिम्हाराव के मंत्रिमंडल में वित्त राज्यमंत्री नियुक्त किया गया. एलआईसी और बैंक के अनेक कार्यालय शहडोल में स्थापित किए गए। रेल सुविधाओं में वृद्धि के लिए उन्होंने विशेष प्रयास किए। पर्यटन को बढ़ाने और शहडोल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर उठाने में उनका विशेष योगदान रहा है। दलबीर सिंह जो अविभाजित मध्यप्रदेश प्रदेश की प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यवाहक अध्यक्ष भी बनाया गया। दलबीर सिंह हमेशा उपलब्ध रहने वाले नेता थे। 2 जून 2000 को बीना रेलवे स्टेशन पर हृदयघात के कारण उनका 56 वर्ष की आयु में असामयिक निधन हो गया। आज 25 साल बाद भी दलबीर सिंह को हर अनूपपुर उमरिया एवं शहडोलवासी के स्मृति पटल पर हैं। आज अपने पिता के दिए हुए मार्गदर्शन पर चलते हुए उनके सपनों को साकार करने की दिशा में उनकी पुत्री श्रीमती हिमाद्री सिंह शहडोल संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व करते हुए विकास की गति को गतिमान बनाए हुए हैं। पिता स्वर्गीय दलबीर सिंह के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि हम अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे।



# रिमांड में सामने आए नामों से मची सनसनी

**आरोपी से जप्त डायरी एवं बैंक डिटेल की जांच जारी**

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** उत्तर प्रदेश से आकर कोतमा एवं आस पास के क्षेत्र में हथियारों के दम पर पशु तस्करी कर माफिया बने अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू 32 वर्ष एवं मोहित सिंह को रविवार को न्यायालय पेश करते हुए रिमांड में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। बताया जाता है आरोपी के कब्जे से लेनदेन की डायरी सहित अन्य कुछ गोपनीय दस्तावेज हाथ लगे है। पशु तस्कर बल्लू के द्वारा जिले में सक्रिय अन्य लोगों के नाम भी बताया गया है। पुलिस द्वारा जप्त की गई डायरी में कुछ सफेदपोश लोगों के नाम कोडवर्ड सहित पशु तस्करी कराने एवं पायलटिंग करने वाले लोगों के नाम एवं बदले में किए गए भुगतान के रिकॉर्ड भी मिले है। जिसकी जांच की जा रही है। सोमवार को सोशल मीडिया में पशु तस्कर अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू का एक वीडियो वायरल हुआ हालांकि हरिभूमि शोशल मीडिया में चल रहे इस वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है। जिसमें पत्रकार, नेता सहित अन्य नामो का खुलासा कर तस्करी के दौरान गाड़ियों की पायलटिंग कर सुरक्षित जिले से पार कराने एवं पुलिस गतिविधियों की जानकारी देते हुए मोटी रकम हर माह वसूलते रहे। साथ ही धमकाते भी रहे। मामले के बारे में थाना प्रभारी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो प्राप्त हुआ है जिसकी जांच की जा रही है। उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर कार्यवाही की जाएगी। मो वाजिद अभी भी फरार चल रहा है जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। आरोपियों को न्यायालय पेश कर जिला जेल सलाखों के पीछे भेजा गया ।

# कम्प्यूटर सेंटरों की बाढ में फंस रहे बेरोजगार

**विज्ञापनों के माध्यम से युवा बेरोजगारों को कर रहे अपनी ओर आकर्षित**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



शासन-प्रशासन के तमाम आदेशों को धता बताते जिले भर में इन दिनों कम्प्यूटर सेंटरो की बाढ़ सी देखी जा रही है जिसमें तमाम युवा बेरोजगारों को ये कम्प्यूटर सेंटरों के संचालक अपनी ओर आकृर्षित कर उनसे मोटी रकम वसूल रहे हैं। यहां तक कि कई सेंटरो द्वारा फर्जी तरीके से ख्याति प्राप्त कालेजो का मोनो व नाम का भी सहारा लिया जाता है। जिले भर में जगह-जगह इन दिनों कम्प्यूटर सेंटरो का आतंक इस कदर हावी है जिसके मकड़जाल में युवा बेरोजगार फंसने से पीछे नहीं है। इन युवाओं को कम्प्यूटर सेंटर संचालक व इनके कर्ता-धर्ता अपनी ओर आकर्षित कर इनसे एक मोटी रकम वसूल करते हैं तथा पढ़ाई व अन्य मामलों में गुणवत्ता विहीन रहते हैं। बताया जाता है कि जिले भर में संचालित कई कम्प्यूटर सेंटर व अंग्रेजी सिखाने वाली संस्था फर्जी तरीके से ख्याति प्राप्त कालेजो के नाम को बदनाम कर उससे अपने आपको संबद्ध बताती है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक फर्जी डिग्री देने का कारोबार भी कई कम्प्यूटर सेंटरो द्वारा खुलेआम किया जाता है। एक ही कमरे में कम्प्यूटर सेंटर खोल कर अच्छी खासी कमाई में लिप्त ये कम्प्यूटर सेंटर के संचालक युवाओं के रास्ते को भटकाते फिर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले भर में कुकुरमुत्ते की तरह फैले ये कम्प्यूटर सेंटर के लोग कोतमा, अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ के शासकीय कालेजो में पहुंचकर वहां के छात्र-छात्राओं को अपनी संस्था से जुड़ने के गुर सिखाते हैं। कई जगह यह भी देखने में आया कि कम्प्यूटर सेंटरो के भीतर पढ़ाई-लिखाई तो दूर सिर्फ नैन मटक्का ही होता रहता है। जिसे युवा-युवक व युवती एक कैफे व शांत जगह के रूप में मानते हैं। गौरतलब है कि पूर्व मे जिले में डी.सी.ए. की डिग्री कईयो की फर्जी पाई गई थी जिसकी विधिवत जांच भी कराया गया था। शासन के नियमों को धता बताते हुए जिले भर में फैले इन कम्प्यूटर सेंटरो पर जिला प्रमुखों की नजर क्यों नहीं जाती यह महत्वपूर्ण प्रश्न है। जहां राज्य शासन पढ़ाई को लेकर इतनी गंभीर है वहीं जिले भर में फर्जी तरीके से संचालित कम्प्यूटर सेंटरो का इस प्रकार खुलेआम संचालित होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह पैदा करता है। बहरहाल शासन प्रशासन से जनापेक्षा है कि जिले में फैले इन कम्प्यूटर सेंटरो की जांच कराया जावे ताकि युवा बेरोजगार इनके झांसे में न फंस सकें।

।। श्री गणेशाय नमः।।
श्री गुजरात ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
CERA
फुटकर एवं थोक विक्रेता
ग्रेनाईट शेरा ब्राण्ड उत्तम क्वालिटी कम दामों में उपलब्ध
पता - तहसील कार्यालय के पास, जैतहरी रोड, अनूपपुर
संपर्क करें - 7742294629, 7440984719